卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 278 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦15 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सावन की महाशिवरात्रि पर नीलकंठ महादेव मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। श्रावण मास महाशिवरात्रि पर की नीलकंठ महादेव मंदिर में शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मेला क्षेत्र बोल बम के उद्घोष से गूंज उठा। शनिवार को सर्वाधिक नौ लाख श्रद्धालुओं ने जल अभिषेक किया। नील कंठ महादेव में मेला शुरू होने से लेकर शनिवार सुबह तक कुल 53 लाख श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके थे। महादेव मंदिर में शुक्रवार के मध्य रात्रि 12बजे भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गया और उसके बाद महाशिवरात्रि पर्व के लिए मंदिर में पर्व का जलाभिषेक शुरू हो गया। रात से ही भारी



भीड़ से पूरे रास्ते भरे रहे दोपहिया वाहनों की भारी आमद के बीच सुबह अचानक भीड़ बढ़ गई। बाद में दोपहिया वाहन की संख्या कम होते ही पुलिस प्रशासन की ओर से चारपहिया वाहनों को पार्किंग तक आने की छूट दी गई। शुक्रवार रात्रि 8 बजे से शनिवार की सुबह 10 बजे तक करीब नौ लाख श्रद्धालुओं ने यहां जलाभिषेक किया। एसएसपह पौड़ी श्वेता चौबे, अपर पुलिसअधीक्षक कोटद्वार शेखरचंद्र सुयाल, पुलिस उपाधीक्षक श्रीनगर श्याम दत्त नौटियाल व अन्य अधिकारी मंदिर परिसर में ही मौजूद रहे। इन सभी ने भी नील कंठ महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया।

## तालाब में डूबा युवक हत्या की आशंका

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा क्षेत्र के एक युवक की तालाब में डूबकर कर मौत हो गई। युवक अपने कुछ साथियों के साथ नहाने गया था। उसका शव प्रीतबिहार क्षेत्र में कल्याणी नदी के किनारे बने तालाब से बरामद हुआ है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगायी है। जानकारी के मुताबिक 16 वर्षीय विवेक पुत्र राधेश्याम बीती शाम दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गया था। देर शाम तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। शनिवार को शहर के वार्ड नंबर 25 प्रीतबिहार क्षेत्र में कल्याणी नदी के किनारे बने एक तालाब में युवक का शव दिखा। मामले की सूचना पर रम्पुरा चौकी इंचार्ज केसी आर्य मौके पर पहुंचे, उन्होंने शव को बाहर निकलवाया। मृतक की शिनाख्त रम्पुरा क्षेत्र निवासी राधेश्याम के पुत्र विवेक के रुप में हुई। आस–पास के खेतों में काम करने वाले लोगों की मानें तो शुक्रवार को चार युवक तालाब में नहाने आये थे,माना जा रहा कि उन्हीं में से एक की डूबकर मौत हो गयी।उसके साथियों ने डर की बजह से घर जाकर यह बात नहीं बताई। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं मृतक के परिजनों (शेष पृष्ठ सात पर)

गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## करंट लगने से एक किशोर की दर्दनाक मौत

रामनगर(उद संवाददाता)। देर शाम घर के बाहर खेल रहा एक बालक बिजली के करंट की चपेट में आ गया। रामकुमार का 9 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार अपने कुछ दोस्तों के साथ घर के बाहर खेल रहा था इसी बीच विद्युत पोल से गिरे परिजनों ने उसे उपचार के लिए तुरंत अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के संबंध





बेहोशी हालत में परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्राम टांडा में रहने वाले एक तार को बालक ने अपने हाथों से पकड़ लिया। करंट की चपेट में आकर बालक चीखता हुआ बेहोश हो गया। जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों व में परिजनों द्वारा शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। करंट लगने के दौरान हुई किशोर की मौत के बाद ग्रामीणों में विभाग के प्रति रोष है।

## कार में युवक का शव मिलने से सनसनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संदिग्ध हालातों में एक कार में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार तीनपानी के पास कार में एक युवक की लाश मिलने की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार से शव को निकालकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शिनाख्त 31 वर्षीय अंकित चौहान के रूप में हुई हैं। बताया जा रहा हैं कि वह सुशीला तिवारी अस्पताल के पास रहता था। पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

## धारदार हथियारों से युवक को किया अधमरा

किच्छा(उद संवाददाता)। सिरौलीकला में लाठी डंडों और धारदार हथियारों से लैस लोगों ने हमला कर एक युवक को गम्भीर रुप से घायल कर दिया। जिसे



स्थानीय सामुदायिक केंद्र में भर्ती कराया गया है । घायल युवक की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई है ।पुलिस मामले के जांच में (शेष पृष्ठ सात पर)

## 3.34 ग्राम स्मैक के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार किये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा चौकी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान दो नशा तस्करों को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि केसी आर्य प्रभारी चौकी रम्पुरा साथी पुलिस कर्मियों उनि सुनील बिष्ट ,का. अमित जोशी, महेन्द्र कुमार के साथ चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान किच्छा बाईपास रोड़ की तरफ से दो व्यक्ति संदिग्ध रूप से आते हुए दिखाई दिये जो पुलिसकर्मियों को देख छिपने लगे। शक होने पर पुलिसकर्मी ने पीछा कर दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता लक्ष्मण कोली पुत्र स्व. बनवारी लाल निवासी वार्ड रम्पुरा तथा आकाश कोली पुत्र स्व. ओम प्रकाश निवासी वार्ड 23 रम्पुरा बताया । सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि उनके पास स्मैक है । तलाशी लेने पर दोनों के पास से कुल 3.34 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर दोनों नशा तस्करों लक्ष्मण व आकाश के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## चेयरमैन के खिलाफ डीएम से मिले गदरपुर के सभासद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर नगर पालिका के सभासदों के एक शिष्ट मंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगर पालिका परिषद, गदरपुर के पालिका अध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास के प्रस्ताव के सम्बन्ध में कार्यवाही करने का आग्रह किया गया। सभासदों ने बताया कि 30.6.2023 को नगर पालिकाध्यक्ष ,अधिशासी अधिकारी, गदरपुर के समक्ष बोर्ड की बैठक बुलाये जाने हेतु प्रार्थना पत्र संयुक्त रूप से दिया गया था। जिस पर पालिकाध्यक्ष के द्वारा 01.7.2023 को समस्त सभासदों को सम्बोधित पत्र में बोर्ड की बैठक अतिशीध ना बुलाये जाने के बावत पत्र जारी कर दिया गया। जिसके उपरान्त समस्त सभासदों ने नगर पालिकाध्यक्ष पर मनमानी करते हुये बोर्ड की बैठक अतिशीघ्र ना बुलाये जाने के सम्बन्ध में एवं बोर्ड की बैठक बुलाये जाने का आग्रह करते हुये 02.7.2023 को एडीएम को पत्र भी दिया गया था। पालिकाध्यक्ष, गदरपुर द्वारा बोर्ड की बैठक आज दिन तक नहीं बुलाई जा रही है। लेकिन नगर पालिका में नियम विरूद्ध कार्यो का निष्पादन लगातार किया जा रहा है एवं अनावश्यक भुगतान भी बोर्ड के समक्ष न प्रस्तुत कर स्वयं मनमाने तौर पर भ्रष्टाचार को बढावा देते हुये सर्वेसर्वा होकर किये जा रहे है जो कि नियम विरुद्ध है। सभासदों ने आग्रह किया कि नगर पालिका अधिनियम की धारा 87क के अन्र्तगत नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के विरुद्ध सभी सभासद अविश्वास कर प्रस्ताव पारित करना चाहते है। अत: नगर पालिका अधिनियम– 87क के प्राविधानों में उल्लेखित शक्तियों के तहत समस्त सभासदों के द्वारा हस्ताक्षरित पत्र स्वीकार कर बोर्ड की बैठक(शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक ने गटका जहर ,हालत गंभीर

किच्छा(उद संवाददाता)। अज्ञात कारणों के चलते कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पटेरी निवासी युवक ने जहर खा लिया। आनन–फानन में परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत युवक को अन्यत्र रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार पटेरी निवासी चरण सिंह पुत्र मोतीराम शनिवार सुबह घर पर शराब पीकर पहुंचा। परिजनों के अनुसार युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया जिसके बाद परिजनों (शेष पृष्ठ 7 पर)

# हरिद्वार में उमड़ा डाक कांवड़ियों का रेला

## शिवभक्तों में भारी उत्साह, कांवड़ यात्रियों का आंकड़ा तीन करोड़ 28 लाख पहुंचा

हरिद्वार(उद संवाददाता)। धर्मनगरी में डाक कांवड़ियों का सैलाब उमड़ पड़ा है। देहरादून-दिल्ली हाईवे डाक कांवड़ियों के वाहनों से पैक हो गया जबकि हरकी पैड़ी से लेकर आसपास के बाजार और पूरा इलाका फुल हो गया है। वहीं डाक कांवड़ के दूसरे दिन लाखों कांवड़ियों की भीड़ के आगे पुलिस की व्यवस्थाएं धरी की धरी रह गई। हाईवे से लेकर शहर के अंदर डाक कांवड़ियों का कब्जा हो गया है। श्रावण मास की नीलकंठ यात्रा में शिवभक्तों का सैलाब देखने को मिल रहा है। भारी बारिश भी भक्तों के उत्साह को नहीं डिगा पाई। देर रात से ही अब तक लाखों की संख्या में पौड़ी में वाहनों का आवगमन हो रहा है। जिसके बाद से पौड़ी पुलिस मोर्चा संभाले हुई है।बीती रात से मौसम साफ बना हुआ है। जिसके बाद से यात्रा रात और दिन जारी है। यात्रा काल में शुक्रवार की सुबह तक 31.50 लाख श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके हैं। रात्रि आठ बजे से सुबह आठ बजे तक दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने नीलकंठ महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने बताया कि रात एक बजे से ही कांवड़ यात्रियों का रेला उमड़ पड़ा है। पैदल मार्ग ही नहीं मोटर मार्ग से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु नीलकंठ पहुंच रहे हैं। लक्सर की तरफ से बैरागी कैंप पहुंच रहे डाक कांवड़ियों के वाहन शंकराचार्य चौक की तरफ से



हाईवे पर भेजे जा रहे हैं। इसके साथ ही दुपहिया वाहनों पर आने वाले डाक कांवड़िये कांवड़ पटरी और शहर के अंदर से गंगाजल लेने हरिद्वार पहुंच रहे हैं। हाईवे पर शंकराचार्य चौक से लेकर सिंहद्वार, गुरुकुल कांगड़ी विवि के पास फ्लाईओवर, ज्वालापुर से लेकर बहादराबाद तक हाईवे डाक कांवड़ियों के वाहनों से पूरा पैक हो चुका है। ट्रक-ट्रैक्टर ट्राली और दुपहिया वाहनों के साथ ही कांवड़िए पैदल गंगाजल लेकर हाईवे से दौड़ते हुए गंतव्य की ओर से निकल रहे हैं। हाईवे ही नहीं शहर के अंदर भी डाक कांवड़ के बड़े वाहन पहुंच गए हैं। कृष्णानगर, जगजीतपुर, भगतवंतपुरम, अभिषेकनगर, संदेशनगर, गुरु बख्श बिहार, हनुमंत पुरम, मिश्रा गार्डन, ऋषिकुल आदि क्षेत्रों में डाक कांवड़ियों के वाहन खड़े हैं। कांवड़ मेला चरम पर पहुंच गया है और रोजाना लाखों कांवड़िए गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं। भारी बारिश से हाईवे पर जगह-जगह जलभराव होने के बाद भी शिवभक्तों के कदम नहीं रुक रहे हैं। अब धर्मनगरी में डाक कांवड़ियों का रेला उमड़ा पड़ा है। हाईवे से लेकर शहर के अंदर भी डाक कांवड़िए नजर आ रहे हैं जबकि पैदल जा रहे शिवभक्त भी काफी संख्या में शहर के अंदर से होकर गुजर रहे हैं। अब अगले दो दिनों तक करोड़ों की संख्या में डाक कांवड़िए गंगाजल भरकर अपने गंतव्य की ओर लौटेंगे। शिवभक्त भक्ति गीतों पर थिरकते हुए अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं।यात्रा के बीच आस्था के अनोखे रंग देखने को मिल रहे हैं। एक हजार से लेकर 10 लाख रुपये और इससे अधिक महंगी कांवड़ ले जाई जा रही है। विभिन्न मंदिरों के प्रारूप वाली कांवड़ आकर्षण का केंद्र बन रही है। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा में हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब सहित विभिन्न राज्यों से लाखों कांवड़िए प्रतिदिन हरिद्वार पहुंच रहे हैं और गंगाजल भरकर रवाना हो रहे हैं। नौ दिन के अंदर दो करोड़ से अधिक शिवभक्त गंगाजल भर चुके हैं। नहर पटरी के साथ ही हाईवे पर शिवभक्तों का कारवां आगे बढ़ रहा है। अलग-अलग प्रकार की भव्य कांवड़ देख हर कोई आकर्षित हो रहा है।देशभक्ति से लेकर भगवान राम का मंदिर, केदारनाथ मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ मंदिर के प्रारूप वाली कांवड़ देखने को मिल रही है। पंतद्वीप चमगादड़ टापू और बैरागी कैंप में इन कांवड़ों को तैयार किया जा रहा है। बृहस्पतिवार शाम छह बजे तक 68 लाख 70 हजार कांवड़िए गंगाजल भरकर रवाना हो चुके हैं। 10 कांवड़ियों को गंगा में डूबने से बचाया गया। मेले के 10वें दिन कांवड़ियों का आंकड़ा तीन करोड़ 28 लाख पहुंच गया है। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक पहले दिन पहले दिन एक लाख 10 हजार, दूसरे दिन 8 लाख 50 लाख, तीसरे 10 लाख 50 हजार, चौथे दिन 15 लाख 20 हजार पांचवें दिन 22 लाख 25 हजार, छठे दिन 32 लाख 40 हजार, सातवें दिन 45 लाख 10 हजार, आठवें दिन 57 लाख 20 हजार, नौवें दिन 67 लाख कांवड़िए गंगाजल भरकर रवाना हुए थे। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम छह बजे तक 68 लाख 70 हजार कांवड़िए अपने गंतव्य को प्रस्थान कर गए हैं। अब तक तीन करोड़ 28 लाख शिवभक्त हरिद्वार से रवाना हो चुके हैं।

# अंजनी विहार के लोगों ने मेयर को बताई समस्याएं

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अंजनी बिहार कालोनी में जलभराव, सड़क और नाली की समस्या से परेशान लोगों ने शनिवार को मेयर रामपाल सिंह से मिलकर गुहार लगायी। जिस पर मेयर ने तुरंत जेई के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और नगर निगम के अधिकारियों को अंजनी बिहार की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये। बता दें 3 दिन पूर्व अंजनी बिहार की महिलाएं जिलाधिकारी के कार्यालय में अपनी फरियाद लेकर पहुंची थी। अब महिलाओं ने अपनी मांगों को लेकर मेयर रामपाल सिंह से नगर निगम कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने सड़क बिजली और नालियों की समस्या रखी। उन्होंने कहा कि भारी बारिश होने के कारण कॉलोनी में चारों तरफ जलभराव हो गया है। सड़के कच्ची है लेकिन वह भी पानी की वजह से कहीं नजर नहीं आ रही है। लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। नौकरी पेशा लोग अपनी ड्यूटी नहीं जा पा रहे हैं। बच्चों का खास ख्याल रखना पड़ रहा है क्यों कि सड़कों पर कई फुट पानी जमा



है। रोजमर्रा की आवश्यकताओं की पूर्ति साग सब्जी और सामान लाना भी मुश्किल हो चला है। घरों के अंदर गंदे पानी के साथ सांप बिच्छू भी निकल रहे हैं जिससे कोई भी अनहोनी हो सकती है। डर के मारे लोग रातों को सो नहीं पा रहे हैं नालियों की कोई व्यवस्था नहीं है।कुछ खंभों पर लाइटें लगी है लेकिन वह कभी जलती ही नहीं है बच्चों को स्कूल व ट्यूशन भी नहीं भेज पा रहे हैं। समस्याए सुनने के बाद ने मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि उनकी कॉलोनी में नालियों और सड़कों के लिए प्रस्ताव तो आया है लेकिन सड़क बनने से पहले नालिया बनना जरूरी है लेकिन नालियों के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था वहां पर नहीं है जिसके लिए एक बड़े नाले के लिए भूमि चयनित करनी होगी। बिना नाले के सड़कें बनाने का कोई औचित्य नहीं है पानी की निकासी के बिना सड़कें ज्यादा दिन नहीं चल पाएगी। महिलाओं की बात सुनने के बाद मेयर ने जेई एवं नगर निगम कर्मियों के साथ खुद कालोनी में जाकर स्थिति देखी और नगर निगम अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिये। मेयर ने कहा कि जल्द ही कालोनी की समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। मेयर ने लोगों से वैध कॉलोनी में प्लॉट खरीदने की अपील की उन्होंने कहा कि अनाधिकृत कॉलोनियों में कॉलोनाइजर कॉलोनी काटकर चले जाते हैं। मेयर ने कहा कि सरकार अपना दायित्व निष्पक्षता पूर्वक निभा रही है।

# प्राचार्य से की मेरिट लिस्ट जारी करने की मांग

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।राजकीय महाविद्यालय सितारगंज के प्राचार्य डॉक्टर सुभाष वर्मा से वर्तमान विश्वविद्यालय प्रतिनिधि राजीव यादव ने महाविद्यालय पहुंचकर वार्ता की। उन्होंने कहा कि अन्य महाविद्यालयों में दूसरी



तथा तीसरी मेरिट लिस्ट निकाली जा चुकी है तथा आधे से अधिक छात्र छात्राओं के प्रवेश भी कर दिए गए हैं। राजकीय महाविद्यालय सितारगंज में मेरिट लिस्ट को जारी करने में इतना विलंब क्यों हो रहा है। उन्होंने कहा कि बीए बीएससी बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं हेतु मेरिट लिस्ट जल्द जारी की जाये। इस पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने आश्वासन दिया कि विभाग बी ए तथा विभाग बी कॉम की मेरिट लिस्ट बना दी गई है बीएससी की मेरिट लिस्ट बनाने में थोड़ा समय लगेगा। सोमवार तक तीनों संकाय की प्रथम मेरिट लिस्ट जारी कर देंगे। इस मौके पर वर्तमान विश्वविद्यालय प्रतिनिधि राजीव यादव, अजय सरदार समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# भाविप ने दूधिया बाबा कन्या छात्रावास में किया पौधा रोपण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद द्वारा अपने स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत डालचंद की प्रेरणा से श्री दूधिया बाबा कन्या छात्रावास के परिसर में भारत विकास परिषद रुद्रपुर शाखा द्वारा एक औषधीय उद्यान बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के औषधीय वृक्ष एवं पौधे लगाकर शुभारम्भ किया गया। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष विष्णु सक्सेना एवं सचिव कीर्ति शर्मा ने बताया कि भारत विकास परिषद प्रत्येक वर्ष हरेला पर्व मनाता है। इस अवसर पर महानगर व आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर जहां पर भी आवश्यकता होती है सैकड़ों की संख्या में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया जाता है। इस मौके पर पर्यावरण प्रेमी एवं वरिष्ठ समाजसेवी





भारत भूषण चुघ ने कहा कि हम सभी को पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि सभी छात्राओं को अपने जीवन में फलदार, छायादार या औषधीय पौध ारोपण अवश्य करना चाहिए। साथ ही रोप गए पौधे की परिवार के सदस्य की तरह पालन पोषण भी करना चाहिए ताकि यह पौधा वृक्ष का रूप लेकर लोगों के अपना लाभ दे सकें। श्री चुघ ने कहा कि वर्तमान में जिस प्रकार से पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है उसे देखते हुए अधिक से अधिक पौधा रोपण करना आवश्यक हो गया है। क्योंकि हम सभी को वृक्षों के माध्यम मिलने वाली जीवन दायक ऑक्सीजन से ही जीवन मिलता है। उन्होंने बताया अभी उद्यान हेतु 51 प्रकार के औषधीय पौधे एवं वृक्ष लगाए गए हैं। वृक्षारोपण के पश्चात छात्रावास की बालिकाओं को फल वितरण किया गया।वृक्षारोपण के अवसर पर विष्णु कुमार सक्सेना, केवल कृष्ण ईशपुजानी, मनोज अरोरा, कैलाश अग्रवाल, दीपक अरोरा, निखिल टंडन, विवेक बिसेन, राजेन्द्र सहाय, राकेश बंसल, दिवाकर पाण्डेय, श्रीमती सीमा बिंदल, राजकुमार बिंदल, शक्ति बठला , छात्रावास वार्डन प्रेमा बहनजी एवं बालिकाएं उपस्थित रहे।

# मारपीट कर दोस्त की चबा दी अंगुली

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ड्राइवर की तलाश में गए एक युवक के साथ उसके ही मित्र द्वारा गाली- गलौज व मारपीट करते हुए उसकी अंगुली चबाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपकर हमलावर के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। मुनगली गार्डन रामपुर रोड निवासी देवेंद्र गुप्ता ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा हैं कि वह बीती रात्रि करीब 10.30 बजे भोटिया पड़ाव स्थित टैक्सी स्टैंड पर ड्राइवर की तलाश कर रहा था। जहां उसकी मुलाकात एक पुराने मित्र राजेश गुप्ता से हुई। देवेंद्र गुप्ता पूर्व से ही राजेश को भली भांति जानता था। क्योंकि राजेश भी ड्राइविंग करता है। जब देवेंद्र ने राजेश से ड्राइवर दिलाने की बात कही तो राजेश आग बबूला हो गया और उसने देवेंद्र के साथ गाली गलौज करते हुए धक्का-मुक्की कर दी। जब उसने इसका विरोध किया तो राजेश ने अपने दांतो से देवेन्द्र की अंगुली चबा ली। जिसके बाद देवेंद्र ने 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। पुलिस का नाम सुनते ही शराब के नशे में धुत राजेश मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने बेस चिकित्सालय पहुंचकर अपना उपचार कराया और पुलिस को आरोपी राजेश के खिलाफ तहरीर सौंपकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नाले की शीघ्र कराई जाए सफाई: खान

किच्छा(उद संवाददाता)। एनएचआई द्वारा सर्विस लेन न बनाए जाने



से हो रही जलभराव की समस्या से नाराज कांग्रेसी नेता एन यू खान ने जारी बयान के माध्यम से विभाग के खिलाफ जमकर गुबार निकाला। उनका कहना था कि सिरौली पुलिया से गोला नदी तक सर्विस लेन में मामूली सी बारिश होने पर पानी जमा हो जा रहा है और आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेसी नेता एन यू खान ने कहा कि बरसात शुरू होने से पूर्व सिरौली पुलिया से गोला नदी तक हाईवे द्वारा बनाए गए नाले की सफाई की जानी चाहिए। जोकि अभी तक नहीं की गई है वही जगह जगह पर नाले पर अतिक्रमण कर दिया गया है जिससे नाला जगह- जगह से बंद पड़ा है। और इसमें पानी नहीं जा पा रहा है जिससे सर्विस लेन पर पानी जमा हो रहा है वहीं दूसरी ओर वीर शिवा मोड़ के सामने से हाईवे का पानी बस्ती में जा रहा है जिससे वार्ड वासियों को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। श्री खान ने एनएच के अधिकारियों से सिरौली पुलिया से गोला नदी तक सफाई कराने की मांग की है।

# चोरी की तीन बाईकों के साथ दो वाहन चोर गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने वाहन चोरी के मामले का बड़ा खुलासा करते हुए तीन मोटसाईकिल सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को थाने में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकारी भूपेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि ग्राम मुकन्दपुर निवासी हरचरण सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह द्वारा 13 जुलाई 2023 को थाने में तहरीर दी गयी थी कि उसकी 9 जुलाई 2023 को करतापुर रोड पर सड़क किनारे खड़ी उसकी प्लेटिना मोटरसाइकिल नंबर यूके06एके-5452 अज्ञात चोरों द्वारा चुरा ली गई थी तहरीर के आधार पर पुलिस द्वारा थाने में अज्ञात के खिलाफ मोटरसाईकिल चोरी का मामला दर्ज किया गया था। वहीं एक अन्य मामले में हरपाल सिंह पुत्र हर स्वरुप निवासी बगडखा थाना अजीमनगर जिला रामपुर यूपी द्वारा तहरीर दी गयी थी कि 3 जुलाई 2023 को कुलवंतनगर बैराज के पास से मोटर साईकिल नंबर यूपी 22एजे-4920 अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया। मोटर साईकिल चोरी की घटना के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक काशीपुर के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण मे तथा थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व मे तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास लगे लगभग 150 सी.सी.टी.वी कैमरो की फुटेज का अवलोकन कर, सी.सी.टी.वी मे दिखाई दे रहे संदिग्धों की पहचान हेतु तारसी सुरागरसी कर, तथा मुखबिर खास मामूर किये गये अभियोग पंजीकरण के 48 घण्टे के भीतर ही 14 जुलाई 2023 शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर रजपुरा नं0 2 तिराहा पर वाहन चौकिंग करते हुए मोटरसाईकिल नं0 यू के 06



ए सी 9989 जिस पर दो युवक सवार थे जिनमे एक ने अपना नाम गुरमीत सिंह पुत्र कुलवन्त सिंह निवासी ग्राम माछियागढ़ चौकी मिलकखानम थाना स्वार जिला रामपुर एवं दूसरे युवक ने अपना नाम मंगत सिंह पुत्र दर्शन सिंह ग्राम माछियागढ़ चौकी मिलकखानम थाना स्वार रामपुर यूपी बताया। जब पुलिस द्वारा उक्त मोटरसाईकिल के कागजात मांगे गए तो युवक नहीं दिखा पाये। उक्त मोटरसाईकिल का नं0 यू के 06-ए सी 9989 ई- चालान मशीन मे डालकर चौक किया तो गाड़ी टी वी एस मोटरसाइकिल दर्शा रही है तथा वाहन स्वामी राजेन्द्र छाबड़ा पुत्र जयपाल निवासी म० नं० 21 इस्लाम नगर वार्ड नं0 5 गदरपुर आ रहा है। उक्त बरामद गाड़ी स्पलैण्डर है। चैसिस नं0 अपने ई-चालान मशान में डाला गया तो मूल मोटर साइकिल नं० यूपी 22 एजे 4920 पंजीकृत है। जिसका स्वामी हरपाल सिंह पुत्र हरस्वरुप सिंह निवासी बगडखा सदर रामपुर आ रहा है। जिस संबन्ध में थाना गदरपुर में मु0 अ0सं0 156/23 धारा 379 आईपीसी के तह पंजीकृत है। जब उक्त दोनों अभियुक्तों से सख्ती से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा चोरी की 2 अन्य मोटर साईकिलो को डैम के पास ही छुपाकर रखना बताया तथा इनकी निशादेही पर दो अन्य मोटर साइकिल प्लेटीना रजि० नम्बर नम्बर यू पी 06 ए के-5452 चेसिस नं0 जो थाना गदरपुर के मु0अ0सं0 155/23 धारा 379आईपीसी से संबन्धित है व दूसरी गाड़ी टी वी एस बिना नम्बर है। जिसका चेसिस नं0 एमडी 625 एमएफ 52 बी 3 जी 5378 व इंजन नं0 डीएफ 5 जीबी 1031602 है बरामद की गयी व दोनो अभियुक्त को उनके जुर्म धारा 379/411 भादवि के अन्तर्गत कुलवन्त नगर डाम के पास गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लिया गया। अभियुक्तो के विरूद्व आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय,एसआई पूरण सिंह तोमर, कानि. उमेश जोशी, कानि. 290 संजीव कुमार, कानि. बलवन्त सिह शामिल थे।

# सिचाई विभाग यूपी और उत्तराखण्ड की समन्वय बैठक आयोजित

खटीमा (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में सिंचाई विभाग रुहेलखंड मंडल(यूपी) तथा जिले के सिंचाई अभियंताओं की आपसी समन्वय बैठक लोहियाहेड गेस्ट हाउस सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा कार्य जनता को अधिक से अधिक बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है सुविधाएं और अधिक से अधिक सुविधाएं तभी संभाल हो पाएंगी। बैठक में जिलाधिकारी के निर्देशन में निर्णय लिया गया कि संबंधित क्षेत्र के अधिशासी अभियंताओ (यूपी से डैम क्षेत्र के तथा जनपद से संबंधित क्षेत्र के) बेगुल डैम में नदी के अपस्ट्रीम का जॉइंट सर्वे करते हुए समाधान देंगे कि भू-कटाव एवं नदी के बहाव को किस प्रकार नियंत्रित किया जाए और डिसिल्टिंग की क्या-क्या संभावनाएं हैं। दाढांकी में भी संबंधित क्षेत्र के अधिशासी अभियंता संयुक्त निरीक्षण कर, रिपोर्ट दें कि किस प्रकार नदी को रेगुलराइज एवम नदी का बहाव किनारे की जगह मध्य में किया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि ज्वाइंट सर्वे हेतु आपसी



सहमति के आधार पर तिथियों का निधरिण किया जाए।उन्होंने पिछले 5 सालों में नदी की अधिकतम जल क्षमता एवं प्रवृत्ति का भी विश्लेषण करने के निर्देश अभियंताओं को दिए। बैठक से पूर्व जिलाधिकारी ने नौसर पुल की साइड में पुराने एवम क्षतिग्रस्त लोहे के पुल के कारण नदी का मार्ग अवरूद्ध होने एवम नदी के अपस्ट्रीम में पानी का बहाव काम होने के कारण लोहे के क्षतिग्रस्त व अनुपयोगी पुल को हटाने के निर्देश संबंधित अभियंताओं को दिए। बैठक में अधीक्षण अभियंता सिंचाई (यूपी) शरद कुमार, उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, सहित संबंधित क्षेत्रों (सिंचाई विभाग यूपी, उत्तराखंड) के अभियंता मोजूद थे।

# खेल प्रतियोगिताओं को लेकर खंड शिक्षाधिकारी ने ली बैठक

गदरपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री उदीयमान छात्रवृत्ति प्रतियोगिता की बैठक राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। जिसमें न्याय पंचायत स्तर पर 18 जुलाई से 22 जुलाई होने वाली खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए चर्चा की गयी। शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज में खंड शिक्षा अधिकारी भास्करानंद पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में गदरपुर की तीनों न्यायपंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका में 18 से 22 जुलाई तक खेल प्रतियोगिता सम्पन्न होगी। जिसके बारे में विस्तृत चर्चा की गयी। बताय गया कि न्याय पंचायत बराखेड़ा के खेल राजकीय इंटर कॉलेज गदरपुर में होगी तथा जिसके प्रभाी मोहन लाल होगें। न्याय पंचायत आनदखेड़ा के राजकीय इंटर कॉलेज दिनेशपुर में होगी जिसके प्रभारी विजय व प्रमोद कुमार, न्याय पंचायत गोविंदपुर के कुन्दनलाल कौशिक प्रभारी होंगे।। खंड शिक्षा अधिकारी भास्करानंद पाण्डेय बताया कि बालक/बालिका 8 से 14 आयु वर्ग 30 मी फ्लाइंग रन, प्रमाणपत्र, बैंक की पासबुक आदि की हस्ताक्षर कर फोटो कॉपी लगानी अनिवार्य होगी। उन्होंने बताया कि सभी खेल बृजेश दुबे खेल ब्लॉक संरक्षक की देख रेख में सम्पन्न होंगे।



स्टैंडिंग बोर्ड जम्प, फर्बर्डिंग बेंड रिच, 6ञ10 मीटर शटल रन, मेडिसिन बाल, 600 मीटर रन, आदि खेल सम्पन्न होंगे। खेलों में प्रतिभाग करने हेतु खिलाड़ी अपने फार्म के साथ आधार कार्ड, स्थायी निवास, जन्म इस मौके पर शिक्षक ब्लॉक समन्वयक अशोक चौहान, सह समन्वयक संतोष टम्टा, संजीव पांडेय, उमेश जोशी, रविन्द्र विष्ट अवतार सिंह, सुरेश जोशी, लता सैनी, मिनती रानी, नूर आलम, परमजीत सिंह आदि मौजूद थे।

# चोरी की बाईकों सहित तीन गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। चोरी हुई बाइक समेत पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक अन्य बाईक भी बरामद की है पुलिस ने आरोपीयों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ कर दी। विदित हो के बीती दिनो गुरचरण सिंह पुत्र हरवंश सिंह लालपुर निवासी ने तहरीर देते हुए बताया के 05 जूलाई को उसकी मोटर साईकिल संख्या यूके067जी -8221 रामेश्वरपुर से चोरी हों गईं थीं। सूचना के आधार पर पुलिस ने तफ्तीश करते हुए प्रियांशू गुप्ता उर्फ आशु पुत्र रिंकू गुप्ता निवासी गौरी बिहार फुलसुंगा, मोहित पाल पुत्र छत्रपाल निवासी स्वास्तिक इन्कलेव फुलसुंगा, विक्की पुत्र ललन निवासी बजरंग बिहार के सामने वाली गली फुलसुंगा को चोरी की बाईक के साथ पकड़ लिया। आरोपियों के पास से एक अन्य बिना नंबर प्लेट के हीरो स्प्लेन्डर प्लस बरामद की गईं। पूछताछ में आरोपीयों ने बताया की यह मो0 सा0 पिछले साल उन्होंने दक्ष चौराहे ट्राजिट कैम्प से चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला पंजिकृत करते हुए कार्रवाई प्रारंभ कर दी।



# प्रमुख नदियों को प्रदूषण मुक्त करें: सीडीओ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की प्रमुख नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के संबन्ध में कलेक्ट्रेट ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक ली उन्होने निर्देशित करते हुए कहा कि संबन्धित विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल से प्रभावी कार्य योजना तैयार करना सुनिश्चित करें ताकि समय पर लक्ष्य की पूर्ति आसानी से हो सके। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तैयार की जा रही विस्तृत कार्य योजना में किसी भी प्रकार के संशोधन, परिवर्तन आदि से संबन्धित सुझाव एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ताकि अन्तिम डीपीआर भारत सरकार में प्रेषित की जायें। बैठक में घरेलू सीवेज, सेप्टेज, तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, औद्योगिक संसाधान विकास आदि पर विस्तार से जानकारियां साझा करते हुए चर्चा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी जय



अपशिष्ट, जल भण्डारण क्षमता और ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज, बाढ़ सुरक्षा, डीजीसीएस में क्षमता निर्माण एवं मानव भारत सिंह, समस्त नगर पंचायत ईओ, सिंचाई विभाग रूद्रपुर के साथ ही अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# डीएम ने की लालकुंआ विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने लालकुंआ विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण नियमित करें तथा भ्रमण की सूचना जनप्रतिनिधियों को भी देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा जनता एवं जनहित के जुडे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सक्रिय होकर कार्य करें, ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को समय से मिल सके।स्वास्थ्य विभाग से जुड़े निशुल्क जांच के विषय पर जानकारी दी गई कि चंदन डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा निशुल्क जांचें की जाती हैं। निशुल्क करायी जाने वाली जाचों की सूची एवं स्थल का नाम बोर्ड पर अंकित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए जिससे आम जनता को जांचों की सूचनायें आसानी से मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा आर्थिक सहायता के चौक जिला कार्यालय को प्राप्त होने के पश्चात सम्बन्धित तहसीलों को प्रेषित किये जाते हैं। सम्बन्धित तहसीलों द्वारा चौक का भुगतान समय से ना करने पर चौक की अवधि समाप्त होने पर लाभार्थी को परेशानियो का सामना करना पडता है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित तहसीलों को निर्देश दिये है कि आर्थिक सहायता के चौक 15 दिनों के भीतर लाभार्थी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में विधायक ने बताया कि सेन्चुरी पेपर मिल द्वारा काफी प्रदूषण होने के कारण आमजनजीवन प्रभावित हो रहा है। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी एवं प्रदूषण नियंत्रक को संयुक्त निरीक्षण कर 10 दिनों के भीतर समस्या का समाधान



करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोनिवि को खनन प्रभावित सड़क गोरा पड़ाव सड़क के सुधारीकरण हेतु लोनिवि को तत्काल डीपीआर बनाकर दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आवारा पशुओं के लिए गौशाला निर्माण हेतु उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये हैं कि आवारा पशुओं के लिए ऐसी जगह चिन्हित की जाए जिस स्थान पर पशुओं को चारा, पानी आदि आसानी से मुहैया कराई जा सके। उन्होंने कहा वर्तमान में पंचायतों मे खुली बैठकों का आयोजन किया जा रहा है इन बैठकों में एससीपी योजना के अन्तर्गत एससीपी बाहुल्य क्षेत्र की सूची बीडीओ को उपलब्ध करायें तथा खुली बैठकों में एससीपी योजना के प्रस्ताव की डीपीआर तैयार कर टीएसी कराई जाए। लालकुंआ क्षेत्र में वर्षाकाल में वन विभाग के डिपो से आने वाला पानी आवासीय कालोनी में जाने पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी व वन विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण कर समाधान के निर्देश दिये। लालकुआं विधान सभा में विधायक निधि के अन्तर्गत 237 कार्यों में से 80 कार्य गतिमान है शेष कार्यों पर प्रस्ताव शीघ्र बनाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये, उन्होंने कार्यों की मानिटरिंग डीडीओ द्वारा नियमित की जायेगी। बैठक में विधायक लालकुंआ डा0 मोहन बिष्ट, प्रभागीय वनाधिकारी संदीप कुमार, अपरजिलाधिकारी अशोक जोशी, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, उपजिलाधिकारी हल्द्वानी मनीष सिंह, जिला उपाध्यक्ष दिनेश खुल्बे,बिंदुखत्ता मंडल अध्यक्ष जगदीश पंत ,लालकुआँ मंडल अध्यक्ष धन सिंह बिष्ट , गोलापार मंडल अध्यक्ष मुकेश बेलवाल सहित आदि उपस्थित थे।

# जिस्मफरोशी के साथ अश्लील फिल्में बनाने का अड्डा बन गया था होटल

## अश्लील फिल्मों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऊंचे दामों पर बेचा जाता था

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। बीते दिनों चर्चा में आए होटल एएसडीआर में जिस्मफरोशी के साथ -साथ अश्लील फिल्म बनाने का कारोबार भी खूब फल फूल रहा था। फिल्म बनाने के बाद उन्हें मोटे दामों में सोशल मीडिया साइट पर बेचा जाता था। इसके लिए युवतियों को मोटी रकम दी जाती थी। यह कारोबार पिछले काफी समय से चल रहा था। स्थानीय लोगों की बात मानें तो यह होटल युवक एवं युवतियों के लिए एक महफूज अड्डा बना हुआ था जहां आए दिन दर्जनों युवक युवतियों का आना जाना लगा रहता था। बताया जा रहा है कि होटल में ठहरने के लिए यात्रियों या अन्य लोगों का आना जाना बहुत कम है। होटल में मुख्य रूप से यह धंधा जोरों से चल रहा था।पुलिस की प्रारंभिक जांच में भी यह बात खुलकर सामने आई है कि होटल में अश्लील वीडियो बनाने का कारोबार भी चल रहा था। बता दें कि विगत 13 जुलाई को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की प्रभारी निरीक्षक बसन्ती आर्य को सूचना मिली की थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में होटल एएसडीआर में कई समय से अनैतिक धंधा चल रहा है जहां आए दिन नाबालिक स्कूली बच्चियों को लाया जाता है। जिस कारण यहां का माहौल काफी खरबा हो रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए बसन्ती आर्य ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम व चौकी आवास विकास पुलिस टीम के साथ होटल में छापेमारी की । छापेमारी के दौरान होटल के तीन कमरों से 3 युवक नाबालिक युवतियों के साथ आपत्तिजनक स्थिति में मिले। कस्टूमर एंट्री रजिस्टर चेक करने पर रजिस्टर में किसी की भी इन्ट्री नहीं पायी गयी। बिना आईडी प्रूफ लिए बिना एंट्री के नाबालिगों को होटल में रखा जाना पाया गया। एक युवती स्कूल ड्रेस में पाई गई। पूछताछ पर नाबालिग बालिकाओं द्वारा बताया गया कि उन्हें युवकों द्वारा बहला-फुसलाकर पैसे देने का लालच देकर होटल में लाया गया और उनके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया गया और अश्लील फोटो, वीडियो बनाई गई। होटल संचालक और होटल मालिक से होटल के दस्तावेज दिखाने को कहने पर कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सके और ना ही पकड़े गए युवक युवतियों की कोई आईडी प्रूफ दिखा सके। होटल संचालक द्वारा बिना आईडी प्रूफ लिए व बिना एंट्री किए होटल में कमरा देने और नाबालिग युवतियों के साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाने के जुर्म में होटल संचालक और होटल मालिक सहित 5 लोगों को मौके पर गिरफ्तार किया गया और नाबालिको को परिजनों के सुपुर्द किया गया। मामले में पुलिस ने चौकी आवास विकास में धारा 370 ,376, 120 बी आईपीसी व 3,4, 5,6,7 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम तथा 3/4 ,21 पोक्सो अधिनियम व 67 आईटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया है। होटल से गिरफ्तार संचालक जगदीश उर्फ जग्गू प्रसाद पुत्र भीम राम बलमा निवासी ग्राम जलना लमगडा जिला अल्मोडा , होटल मालिक आरेन्द्र पुत्र सुरेश कुमार सिंह नि0-158मुखर्जी नगर, थाना मुखर्जी नगर नई दिल्ली हाल नि0- एएसडीआर होटल रविन्द्रनगर, उत्तम सरकार पुत्र संजय सरकार निवासी शिवनगर खेडा ,विपिन मौर्य पुत्र भगवत दयाल निवासी ग्राम कडई चौराहा थाना बण्डा जिला शहजहापुर, हाल नि0- कृष्णा कालौनी ट्रांजिट कैम्प ,इस्लाम मियां उर्फ राजा पुत्र छोटे शाह निवासी- प्रीत नगर मलसी बगवाडा को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने मौके से पांच मोबाइल फोन, 5600 रूपये नकद, के अलावा आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की। फिलहाल पुलिस मामले मेंलिप्त लोगों की गहनता से जांच में जुट गयी है। होटल में बनायी गयी वीडियो अश्लील वीडियो की भी जांच की जा रही है। माना जा रहा है कि पुलिस ने गहराई से छानबीन की तो जिस्म फरोशी के इस घिनौने खेल में कई और चेहरे बेनकाब हो सकते हैं।



# गोल्ड मेडल जीतकर लौटे रवि पाल का किया स्वागत

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। युगांडा में आयोजित पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीतकर लौटे ट्रांजिट कैम्प निवासी पैरा शटलर रवि पाल का मेयर रामपाल सिंह ने भाजपाइयों के साथ स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि रवि पाल ने गोल्ड मेडल हासिल कर रुद्रपुर का ही नहीं वरन पूरे उत्तराखंड का मान बढ़ाया है। रवि पाल के गोल्ड मेडल हासिल करने से पूरे शहर में खुशी की लहर है। मेयर ने कहा कि रविपाल से अन्य खिलाड़ियों को प्रेरणा लेनी चाहिए उन्होंने कड़ी मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। मेयर ने रवि पाल के कोच सलमान खान को भी बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की। बता दें ट्रांजिट कैंप स्थित नारायण कॉलोनी के रहने वाले रवि पाल पिछले कुछ वर्षो से बैडमिंटन खेल रहे हैं। रवि पाल ने बताया कि जब वह नवोदय विद्यालय में पढ़ते थे तब उनकी पीटीआई मैम अनुराधा शर्मा ने उन्हें बैडमिंटन खेलने के लिए प्रोत्साहित किया था। जिसके चलते उन्होंने फिर इस खेल को गंभीरता से लिया और पिछले 2 साल से वह दिल्ली निवासी अपने कोच सलमान खान से कोचिंग ले रहे हैं। उनका कहना है कि लगातार 2 साल की कड़ी मेहनत के बाद उन्हें यह मुकाम मिला है। रवि पाल इससे पूर्व उड़ीसा, लखनऊ और बनारस में भी नेशनल खेल चुके हैं। इस बार युगांडा के कंपाला में उन्हें अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलने को मिला। जहां उन्होंने पुरुष युगल वर्ग में स्वर्ण और मिश्रित युगल वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। रविपाल का स्वागत करने वालों में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष उत्तम दत्ता, नेत्रपाल मौर्य,छेदा लाल पाल, चंद्रसेन कोली, राजकुमार कोली, चंद्रपाल कोली, राजेश जग्गा, सत्य प्रकाश, अजय मौर्या आदि भी शामिल रहे।



श्री बांके बिहारी की कृपा से
श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा
दिनांक-30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक
● AC वाल्वो बस ● विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
● भोजन की सुविधा ● ठहरने की उचित व्यवस्था
प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये
यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्वालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।
सम्पर्क करे-7248133444,8476003072

# कार्य करते जल संस्थान कर्मी पर किया हमला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत दोपहर राजपुरा क्षेत्र में काम कर रहे जल संस्थान के लाइमैन पर नशे में चूर एक व्यक्ति ने पत्थर से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया जाता है कि जल संस्थान के लाइनमैन जूनियर फिटर पूरन सिंह गत दोपहर राजपुरा गली नंबर तीन में राजकीय इंटर कॉलेज के पास आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ लाइन की मरम्मत



कर रहा था। दोपहर करीब 12.30 बजे नशे में चूर एक युवक धीरू वाल्मीकि व एक अन्य व्यक्ति ने उनके साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी तथा पाइप लाइन कार्य के लिए खोदे गए गड्ढे में काम कर रहे पूरन सिंह के ऊपर युवक ने पत्थरों से हमला कर दिया। जिससे उनके सिर और कंधे में काफी चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने पूरन सिंह का प्राथमिक उपचार कराया। जिसके बाद पूरन सिंह तिकोनिया सिंह जल संस्थान के कार्यालय पहुंचा और ईई आरएस लोशाली को आपबीती सुनाई। पूरन सिंह की ओर से दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर ईई ने मामले में कोतवाली में तहरीर दी।कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी हमलावर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अधिकारियों ने किया शनि बाजार नाले का निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहरी विकास विभाग की टीम द्वारा शनि बाजार के नाले का निरीक्षण किया गया। टीम में शामिल कुलदीप सिंह परियोजना प्रबंधक डेवलपमेंट एजेंसी, दीनदयाल पांडे असिस्टेंट इंजीनियर, नासिर खान व चमन गुप्ता टीसीई ने बताया कि कुल बाईस सौ करोड़ की परियोजना है। उसके अंतर्गत इस नाले का पुन: निर्माण किया जाएगा जिसमें लगभग 3.50 करोड़ का खर्च आएगा। जोकि विभाग द्वारा किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि डेढ़ से दो महीने के भीतर ही इसका टेंडर कर दिया जाएगा। उसके पश्चात वार्ड 59 में सीवर लाइन के संबंध में भी चर्चा हुई। इस बारे में भी विभागीय अधिकारियों ने कहा कि सीवर लाइन का टेंडर भी 1 महीने में हो जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद रईस अहमद ने कहा कि कई वर्षों से पब्लिक इन दोनों समस्याओं से परेशान थी अब जनता को इन दोनों समस्याओं से निजात मिलेगी। जब तक इन समस्याओं से पब्लिक को निजात नहीं मिलती संघर्ष करता रहूंगा। इस अवसर पर फिरोज खान, ताहिर हुसैन हाफिज, आरपी भट्ट, जमशेद सिद्दीकी, शकील अहमद, नफीस अहमद, इस्तेफाक अहमद, मनोज सागर, मनोज साहू, संजय जोशी, बबलू मल, बबलू पाल आदि मौजूद थे।



# कवि सम्मेलन में नामचीन कवियों ने जमाई महफिल

खटीमा (उद संवादाता)।लायंस क्लब खटीमा सेवा एवं पत्रकार एसोसिएशन बीसलपुर के संयुक्त तत्वाधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। धानी रिसोर्ट में आयोजित इस कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए साहित्य के सशक्त हस्ताक्षरों का गुलदस्ता देखने को मिला। नामचीन कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया और जमकर तालियां बटोरीं। कवि सम्मेलन का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष क्लब अध्यक्ष लायन जितेंद्र पारूथी, सचिव लायन इंदर नाथ , प्रोग्राम चेयरमैन लायन मनोज वाधवा ,लायन अनुज अग्रवाल और बीसलपुर से आए पातीराम गंगवार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। इस सम्मेलन में कभी हास्य रस के बमों के ऊपर देर तक श्रोता ठहाके लगाते रहे तो कभी श्रृंगार रस की रचनाएं दिल को छू गई।वीर रस के कवियों ने जब काव्य पाठ किया तो पंडाल भारत माता के जयकारों से गूंज उठा। आधी रात के बाद तक पंडाल श्रोताओं से खचाखच भरा रहा। चित्रकूट से आए जय अवस्थी ने सुंदर रचना पढ़ी- 'देख शत्रु भी थर थर काँपे ,वही कलेवर बन जाओ। जिसे पहन कर माँ इतराये, ऐसा जेवर बन जाओ। बीसलपुर से पहुंचे वीर रस के प्रसिद्ध कवि राजेश मिश्र प्रयास अपनी रचना से श्रोताओं को अपनी ओर खींचने में सफल रहे,उन्होंने पढ़ा- चुनिंदा वर्ण शब्दों को पिरोकर जान लिखता हूँ, तमन्ना सरफरोशी की अदव पहचान लिखता हूँ। बाराबंकी से आए हास्य कवि प्रदीप महाजन ने अपनी रचना से खूब गुदगुदाया-उन्होंने कहा कभी-कभी रस्सी को देखो सांप बनाना पड़ता है,जिसको जो पसंद हो लॉलीपॉप दिखाना पड़ता है। इंदौर से खटीमा पहुंची श्रृंगार रस की शीतल देवयानी ने श्रृंगार रस से ओतप्रोत रचना पढ़ी- तेरे मेरे बीच सांसों की गति,तेज चलती रही रात भर। प्रयाग राज से आए धनंजय शाश्वत ने शहीद ऊधम सिंह की वीरता का बखान किया- पूजे जो अपनी माँ को ओ पूत ना रहा। भारत के हम हैं लाल ये सबूत ना रहा।। प्रतापगढ़ से आए ओज के कवि हरि बहादुर सिंह हर्ष की रचना से श्रोताओं की भुजाएं फड़क उठीं-आँच आन पर जब जब आये रणभेरी बजवाओ, खण्ड-खण्ड उद्दण्ड शत्रु हो वो पौरुष दिखलाओ। बीसलपुर से आए दिलीप पाठक सरस ने मुक्तक पढ़ा- कैसा बंधन जोड़ा है। बीच राह में छोड़ा है। अपने शानदार संचालन से कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने वाले रायबरेली से आए ओज के कवि नीरज पांडे ने पढ़ा-शांति दूत बनने से जब कोई हल नहीं निकलता है तब मेरी कविता का अक्षर अक्षर आग उगलता है। सम्मेलन में श्रोताओं ने बाहर से आए कवियों के अलावा क्षेत्र के डॉ. रूपचंद्र शास्त्री, डॉ. राज किशोर सक्सेना, बसंती सामंत ,डॉ.जगदीश पंत कुमुद, डॉ.महेंद्र प्रताप पांडे ,दीपक फुलेरा, दया भट्ट, हेमा जोशी ,रामरतन यादव, रावेंद्र रवि,शांति सिंह ,कैलाश पांडे और आकांक्षा जोशी को भी सुना। इन सभी कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का दिल भी जीता और उनकी तालियां भी बटोरीं।इस मौके पर साइकिल यात्रा के माध्यम से नशे के खिलाफ अभियान चलाने वाले हिंद पब्लिक स्कूल के शिक्षक रवि मेहता को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर महेंद्र प्रताप पांडे नंद और रायबरेली से आए नीरज पांडे ने संयुक्त रूप से किया। गमुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामू जोशी ने सभी कवियों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए दोनों संस्थाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया । प्रोग्राम चेयरमैन लायन मनोज वाधवा ने कहा कि क्लब ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित करता रहेगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लायंस क्लब सेवा के अध्यक्ष जितेंद्र पारूथी ने बाहर से आए रचनाकारों और क्षेत्र के साहित्यकारों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर इंदर नाथ,अनुज अग्रवाल ,दलवीर सोहल, केसर परुथी, हरबिंदर कौर ,दिनेश सुनेजा, रंदीप पोखरिया, सतीश गोयल ,संतोष अग्रवाल ,बॉबी धींगरा,दीपक गुप्ता,चर्चा बत्रा, रोशन रावत, कामिल खान, तारिक मलिक ,नरेंद्र धामी , मुस्तकिम मलिक ,मोहसिन बेग, जितेंद्र सिंह, वीरेंद्र सक्सेना, लकी सक्सेना ,सुमित गुप्ता, प्रकाश शर्मा ,दीपेश तिवारी ,राहुल सक्सेना ,महताब रजा, सुधीर बत्रा, नवल वाल्मीकि ,मातादीन गौतम, उमेश पांडे ,राघव यादव ,सूरज शर्मा, जितेंद्र सिंह,जितेंद्र विश्वकर्मा, पिंकू रस्तोगी, हरगोविंद सिद्धू, विमलेश मौर्य, हरीश बत्रा ,विजय अरोड़ा, सचिन विज, ललित मोहन मारवाहऔर मनोज शाही आदि रहे।



# उत्तराखण्ड में वायुसेना से हवाई सेवाओं के विस्तार पर चर्चा

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजभवन में वायुसेना और नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर उत्तराखण्ड में हवाई सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार के सम्बन्ध में चर्चा की। बैठक में वायुसेना के एयर मार्शल आर.जी.के. कपूर, एओसी मध्य वायु कमान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि पिथौरागढ़ का नैनी सैनी एयरपोर्ट सामरिक और पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। यहाँ पर हवाई सेवाओं के सुचारु संचालित होने से पूरे कुमाऊं क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही वाइब्रेंट विलेज को विकसित करना भारत सरकार तथा उत्तराखण्ड राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण मिशन है। उन्होंने कहा कि इस



क्षेत्र में ओम पर्वत, आदि कैलाश, माउण्ट कैलाश यात्रा आदि महत्वपूर्ण गतिविधियां है। इस दृष्टि से पिथौरागढ़ एयरपोर्ट महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन के अतिरिक्त सीमांत क्षेत्रों को अवस्थापना सुविधाओं से विकसित करना तथा सामरिक दृष्टि से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एयर फोर्स एवं उत्तराखण्ड सरकार के मध्य निरंतर विचार-विमर्श एवं समन्वय जरूरी है। बैठक में एयरफोर्स की ओर से आग्रह किया गया है कि पिथौरागढ़ एयरपोर्ट को एयरफोर्स के अधीन किए जाने हेतु जल्द से जल्द एनओसी की कार्यवाही की जाय ताकि इसके सुचारू संचालन हेतु एयरफोर्स और सरकार के मध्य एक एमओयू किया जा सके। सचिव नागरिक उड्डयन सचिन कुर्वे द्वारा बताया गया कि इस सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा सहमति व्यक्त की गई है जिस पर कार्यवाही गतिमान है। इसके अलावा एयरफोर्स की ओर उत्तराखण्ड के सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों में जो हेलीपैड बने हैं उन्हें भी एयरफोर्स के उपयोग हेतु उच्चीकृत कराने का भी अनुरोध किया गया। उन्होंने कहा कि इन्हें उच्चीकृत किए जाने से एयरफोर्स के अलावा सामान्य हैली सेवाओं को भी मदद मिलेगी। वहीं अधिकारियों द्वारा पंतनगर एयरपोर्ट को भी विस्तारित करते हुए उसमें एयरफोर्स के लिए एन्कलेव बनाए जाने का अनुरोध किया गया। सीईओ यूकाडा सी. रविशंकर ने बैठक में एयरफोर्स के अधिकारियों से कहा कि चिन्यालीसौड़ तथा गौचर में बनी एयरस्ट्रिप को एयरफोर्स उपयोग हेतु विचार कर सकती है। इस बैठक में विंग कमाण्डर अनुज चोपड़ा, एयर कमाण्डर ताहिर शेख उपस्थित रहे।




# डीएम ने किया भू-कटाव क्षेत्रों का निरीक्षण

सितारगंज(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने शुक्रवार को जनपद के विभिन्न बाढ़ संभावित एवं भू-कटाव क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। बेगुल डैम निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता बीसी नैनवाल ने बताया कि डैम से पहले नदी के प्रवाह क्षेत्र में अत्यधिक सिल्ट जमा होने के कारण नदी का बहाव अवरुद्ध होने से नदी ने अपना रास्ता बदलते हुए नाले में मिल गई है। जिससे कुछ गांवों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने के कारण रिवर ट्रेनिंग की आवश्यकता है। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने चीकाघाट में कैलाश नदी से रिवर ट्रेनिंग न होने के कारण हो रहे कृषि भूमि के भू कटाव पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश अधिशासी अभियंता सिंचाई को दिए। उन्होंने कृषि भूमि कटाव की फोटो एवम वीडियोग्राफ सहित समस्त डाटा रिपोर्ट में सम्मिलित करने के निर्देश दिए। उन्होंने डोहरी गांव के निकट कैलाश नदी से हो रहे भू कटाव का भी मौका मुआयना किया। उन्होंने आपदा प्रबंधन मानकों के अंतर्गत सुरक्षात्मक कार्यों के आगणन तैयार कर आपदा प्रबंधन कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नानक सागर के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए



कि पूर्व चिंहित एवम आवंटित स्थान से ही बोटिंग कराने तथा प्रतिबंधित क्षेत्र में बोटिंग न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमों का उल्लंघन करने पर बोट संचालक के खिलाफ कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब पहुंचकर मत्था टेका तथा जनपद एवम राज्य के चहुमुंखी विकास, खुशहाली की कामना के साथ ही गुरीदारा कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीसी नैनवाल, अधिशासी अभियंता सिंचाई उत्तर प्रदेश सुरेंद्र पाल सिंह, सहायक अभियंता रविंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# शोरूम स्वामी सीसीटीवी लगाने के साथ करें स्टॉफ का सत्यापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर के सभी शोरूम स्वामी अपने प्रतिष्ठानों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी लगाएं और साथ ही पूरे स्टॉफ का पुलिस में सत्यापन भी कराएं। यह निर्देश एसपी सिटी हरबंस सिंह ने नगर के ज्वैलर्स, मोबाइल , घड़ी, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री शोरूम मालिकों तथा प्रतिनिधियों को उनके साथ बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत सभी अपने दुकान व शोरूमों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाए। साथ हीसभी अपने-अपने शोरूमों में सुरक्षा गार्ड रखें ताकि पुलिस गश्त के साथ समन्वय स्थापित किया जा सके। पुलिस गश्त द्वारा सुरक्षा गार्ड को भी चौक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों को इनवर्टर से कनेक्ट किया जाय व रात को दुकान व शोरूम को बन्द करने पर इनवाइटर बन्द न करें। अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। एसपी सिटी ने कहा शोरूम, दुकानों में फायर फाइटिंग उपकरण भी रखें और आपदा के दृष्टिगत दुकानों, शोरूमों की छत, लिफ्ट अन्य अंडरग्राउंड पार्किंग जोन की स्थिति भी अवश्य जांच लें। शोरूम या दुकानों मे कार्य करने वाले कर्मियों व अन्य स्टाफ का सत्यापन अवश्य कराएं। उन्होंने सभी से पुलिस का सहयोग करने की अपील की। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर सभी दुकानों के बाहर बल्ब लगाने के साथ साथ लाइट आन रखने को भी कहा। उन्होंने कहा कि पुलिस चेकिंग के दौरान अनियमितता पाए जाने पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। मीटिंग में भूपेन्द्र सिंह धोनी सीओ सिटी, हरेंन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, रमेश बोरा थानाध्यक्ष मुखानी, नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा, प्रकाश पोखरियाल चौकी प्रभारी भोटिया पड़ाव आदि मौजूद रहे।





# भारत नेपाल समन्वय समिति की बैठक आयोजित

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। भारत-नेपाल समन्वय समिति की बैठक जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। बैठक में भारत और नेपाल दोनों देशों के उच्च अधिकारियों के मध्य काली नदी में लस्कू नाले के समीप व काली नदी में ही अन्य स्थानों से मलबा हटाने, नदी पर स्थित झुलाघाट एवं धारचूला पुल खोले जाने की समयावधि बढ़ाने, दोनों देशों के मध्य सौहार्द बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों पर कार्रवाई करने, काली नदी में दोनों देशों द्वारा सुरक्षात्मक निर्माण कार्यों में एक-दूसरे को आवश्यक सहयोग प्रदान करने, काली नदी की स्वच्छता बनाये रखने तथा बाल विवाह, मानव तस्करी व अवैध मादक पदार्थों की तस्करी जैसे अपराधों को रोकने हेतु दोनों देशों की सीमा पर सघन चेकिंग, पेट्रोलिंग व सूचनाओं के आदान प्रदान आदि को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी रीना जोशी ने कहा कि तहसील धारचूला के ग्राम खोतिला में कुछ दिन पूर्व काली नदी के तेज बहाव के कारण कुछ मकान ध्वस्त हुए हैं तथा खोतिला क्षेत्र भूस्खलन की दृष्टि से अभी भी संवेदनशील बना हुआ है क्योंकि काली नदी में नेपाल देश की ओर लस्कू नाले का मलवा भारी मात्रा में पड़ा होने के कारण नदी के तेज बहाव का रुख ग्राम खोतिला क्षेत्र की ओर है जिससे खोतिला क्षेत्र में भू- कटाव हो रहा है। इसे रोकने के लिए नेपाल देश द्वारा लस्कू नाले के समीप काली नदी से मलबा हटाया जाना बेहद जरूरी है। इस मलबे को प्राथमिकता से हटाया जाय। जिस पर नेपाल देश के उच्च अधिकारियों ने कहा कि उनके द्वारा मलवा हटाने का कार्य किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि काली नदी पर तटबंध, सुरक्षा दीवार आदि जो भी सुरक्षात्मक कार्य किये जायें उनकी डिजाइनिंग, प्लानिंग आदि दोनों देशों द्वारा एक दूसरे को साझा की जाय ताकि निर्माण कार्यों के दौरान जो भी समस्याएं उत्पन्न हों उनका निराकरण निकाला जा सके। जिस पर नेपाल देश के



अधिकारियों ने कहा कि काली नदी पर जो भी सुरक्षात्मक कार्य किये जायें उनकी डिजाइनिंग, प्लानिंग आदि दोनों देशों के आपसी समन्वय से की जाय तथा इस हेतु ज्वाइंट कमेटी का गठन किया जाय जिसमें दोनों देशों के तकनीकि अधिकारी शामिल रहे ताकि निर्माण के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं से निपटा जा सके। इस पर जिलाधिकारी रीना जोशी ने तत्काल ही ज्वाइंट कमेटी का गठन करने की बात कहीं। नेपाल देश के अधिकारियों द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए काली नदी पर स्थित झूलाघाट पुल एवं धारचूला पुल खोलने की समयावधि बढ़ाने की बात कही गयी। जिस पर जिलाधिकारी रीना जोशी ने पुलों पर आवागमन की अवधि को बढ़ाकर प्रातः 6 बजे से सायं 7 बजे तक कर दिया है। पहले यह समयावधि प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक थी। पूर्व में नेपाल देश की ओर से हुई पत्थरबाजी जैसी घटनाओं को लेकर जिलाधिकारी रीना जोशी व एसपी लोकेश्वर सिंह ने कहा कि भारत एवं नेपाल देश के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध है। दोनों देशों के बीच सौहार्द बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिये। ताकि दोनों को लेकर विश्व में एक अच्छा संदेश पहुंचे। जिस पर नेपाल देश के अधिकारियों ने कहा कि अराजक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। हम दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।बैठक में दोनों देशों के बीच बाल विवाह, मानव तस्करी व अवैध मादक पदार्थों की तस्करी जैसे अपराधों को रोकने हेतु दोनों देशों की सीमा पर सघन चेकिंग, पेट्रोलिंग व सूचनाओं के आदान-प्रदान को लेकर भी सहमति बनी। नेपाल देश के अधिकारियों ने कहा कि काली नदी की स्वच्छता बनी रहे इसके लिए नदी किनारे स्थित नगरो व ग्रामों के ग्रामीणों द्वारा काली नदी में कूड़ा- कचरा न डाला जाय इस हेतु कार्रवाई होनी चाहिये। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि पिथौरागढ़ जिला प्रशासन द्वारा नदी किनारे स्थित ग्रामों, कस्बो व नगरों में लगातार सफाई अभियान चलाये जा रहे हैं। बैठक में भारत देश की ओर से जिलाधिकारी रीना जोशी, एसपी लोकेश्वर सिंह, उप जिलाधिकारी धारचूला दिवेश शाशनी, उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य, एसई लोनिवि एबी काण्डपाल आदि उपस्थित थे। जबकि नेपाल देश की ओर से प्रमुख जिलाधिकारी बेतड़ी सुरेश पंथी, प्रमुख जिलाधिकारी दार्चुला किरण जोशी, सशस्त्र प्रहरी उप निरीक्षक दार्चुला डंबर बहादुर बिष्ट, सशस्त्र प्रहरी नायब उप निरीक्षक बैतड़ी गंगा दत्त पंत सहित सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

## उत्तरांचल दर्पण

## सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# चंद्रयान -3 मिशन की लांचिंग

भारत के चंद्रयान मिशन -3 की कामयाबी अंतरिक्ष अध्ययन में एक नया कीर्तिमान रचेगी। देशों की ताकत केवल अर्थव्यवस्था, व्यापार और सामरिक शक्ति से नहीं आंकी जाती, उसकी वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियां भी इसका मानक होती हैं। भारत इस दिशा में कामयाबी हासिल कर रहा है। ब्रह्मांड अब केवल जिज्ञासा का विषय नहीं, बल्कि विज्ञान ने इसकी संभावनाओं को खंगालना शुरू कर दिया है। दुनिया अब दूसरे ग्रहों पर मानव बस्तियां बसाने की होड़ में है। सौरमंडल के ग्रहों में चंद्रमा पर संभावनाओं का काफी कुछ अध्ययन किया जा चुका है, मगर उसके बहुत सारे रहस्य अभी खुलने बाकी हैं। हालांकि मानव बस्तियां बसाने की दृष्टि से सबसे अनुकूल वातावरण वहीं का माना जाता है। इसी सिलसिले में दुनिया के अनेक देश अपने अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर भेजते रहते हैं। भारत ने भी इसी मकसद से चंद्र मिशन की शुरुआत की थी। इस क्रम में अभी चंद्रयान-तीन को चंद्रमा की तरफ रवाना कर दिया गया है। पांच अगस्त को यह यान चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करेगा और आखिरी हफ्ते में उसके चंद्रमा की सतह पर उतरने की संभावना है। हालांकि चंद्रयान-तीन की रवानगी से पहले तरह-तरह की आशंकाएं जताई जा रही थीं, क्योंकि चंद्रयान-दो तकनीकी खामियों के चलते चंद्रमा की सतह पर उतर नहीं पाया था। उसे विफल मिशन माना गया। मगर इस तीसरे यान के पूरी तरह सफल होने का भरोसा जताया जा रहा है। पिछले यान में रह गई तकनीकी खामियों को इस बार सुधार दिया गया है, इसलिए इस मिशन से जुड़े वैज्ञानिक अधिक निश्चिंत नजर आ रहे हैं।दरअसल, अंतरिक्ष यानों को किसी ग्रह पर उतारना अनिश्चितताओं का खेल होता है। चंद्रयान का संपर्क धरती के कंप्यूटर से जरूर रहेगा, मगर लगभग चार लाख किलोमीटर दूर से उसे नियंत्रित करना संभव नहीं होगा। उसे अपनी कृत्रिम मेधा से ही स्थितियों और चंद्रमा की सतह आदि का आकलन करते हुए खुद स्थापित होना होगा। पिछली बार के मिशन को भी पूरी तरह विफल नहीं कहा जा सकता। दरअसल, उसके तीन हिस्से थे- आर्बिटर, लैंडर और रोवर। तकनीकी गड़बड़ी के चलते रोवर नहीं खुल पाया, जिसे चंद्रमा की सतह पर रेंगते हुए वहां की मिट्टी, पानी, खनिज आदि के बारे में अध्ययन करना था।उसका आर्बिटर अब भी चंद्रमा की कक्षा में चक्कर काट रहा है। इसलिए चंद्रयान-तीन में आर्बिटर नहीं भेजा गया है। सिर्फ रोवर और लैंडर भेजे गए हैं। हालांकि इस बार भारत ने चंद्रमा के जिस हिस्से को अध्ययन के लिए चुना है, वहां चुनौतियां अधिक हैं, मगर वहां संभावनाओं का आकाश बड़ा है। वहां खनिज, पानी और अन्य मानवीय जरूरतों से जुड़ी चीजों की संभावना अधिक है। इसलिए उस हिस्से में रोवर पहुंचता है, तो उसके जरिए किया गया अध्ययन अधिक उपयोगी साबित होगा। रोवर दरअसल, एक छोटा-सा रोबोट है, जो चलते-फिरते चंद्रमा की सतह के नमूने लेकर उसका विश्लेषण करेगा और धरती तक उसके ब्योरे भेजेगा। चंद्रमा की सतह पर अपने यान उतारने में अभी तक दुनिया के कुछ ही देश कामयाब हो पाए हैं, जिनमें अमेरिका, रूस और चीन शामिल हैं। इस तरह भारत अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में इन महाशक्तियों से कंधे से कंधा मिला कर खड़ा हो सकेगा। चंद्रयान की खासियत यह भी है कि यह पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से तैयार किया गया है। वैसे भी अंतरिक्ष यानों के प्रक्षेपण के मामले में भारत दुनिया के तमाम विकसित देशों को टक्कर दे रहा है और उसने अपनी तकनीक के बल पर सस्ती सेवाएं उपलब्ध कराने लगा है। चंद्रयान मिशन की कामयाबी अंतरिक्ष अध्ययन में एक नया कीर्तिमान रचेगी। देशों की ताकत केवल अर्थव्यवस्था, व्यापार और सामरिक शक्ति से नहीं आंकी जाती, उसकी वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियां भी इसका मानक होती हैं। भारत इस दिशा में कामयाबी हासिल कर रहा है।

# अवैध कच्ची शराब समेत दो तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाए अभियान के क्रम में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अवैध कच्ची शराब के दो तस्करों को दबोच कर उनके कब्जे से 60 लीटर जहरीली शराब बरामद किया। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्करों का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने गंगे बाबा रोड निवासी महेंद्र सिंह उर्फ बिंटू पुत्र मानसिंह को ईदगाह गेट के पास संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। इसी तरह जगतपुर के जंगल से चोरी-छिपे अवैध कच्ची शराब की तस्करी करने वाले ग्राम गुलजारपुर निवासी दुलाल पुत्र आयश को मौके पर कच्ची शराब की कसीदगी करते हुए गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया।

# अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक शराब तस्कर को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई अर्जुन गिरी पुलिस कर्मियों का. दीप चन्द्र व नरेश जोशी के साथ क्षेत्र में चैकिंग करते तेल मिल काशीपुर रोड पर पहुंचे। मुखबिर से सूचना मिलने पर वह भूरारानी तिराहे पर गये जहां दुकान के कोने में एक लड़का जूट का बोरा लिए खडा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह भागने लगा तो पुलिस ने पीछा कर जूट के बोरे सहित उसे पकड लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता अरुण गिरी पुत्र रामगोपाल गिरी निवासी फौजी मटकोटा वार्ड 32 थाना रुद्रपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कट्टे से कुल 95 पाउच अवैध कच्ची शराब के बरामद हुए। पुलिस ने बरामद शराब कब्जे में लेकर अरूण के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# मेयर ने किया सड़क और नाली निर्माण का शुभारम्भ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मेयर रामपाल सिंह ने वार्ड नंबर 9 जनता डेरी वाली गली में चौबे सिंह के घर तक दोनों तरफ नाली एवं सीसी सड़क निर्माण का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारम्भ किया। इस दौरान वार्डवासियों ने मेयर रामपाल का अभिनंदन करते हुए मिष्ठान वितरण भी किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि महानगर का विकास उनकी प्राथमिकता है। शहर के सभी वार्डों में प्राथमिकता से विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जा रहा है। नगर निगम के पास बजट की कमी बावजूद विकास कार्यों को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। उन्होंने कह कि वार्ड नौ की इस सड़क के निर्माण के लिए लम्बे समय से मांग की जा रही थी। सड़क जल्द ही बनकर तैयार हो जायेगी इसे लोगों को आवागमन में आ रही दिक्कतों से निजात मिलेगी। सड़क के साथ साथ नाली का निर्माण भी होने से जलभराव की समस्या नहीं रहेगी। मेयर ने कहा कि निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता और समयबद्धता से कराया जा रहा है। उनके कार्यकाल में सभी काम पारदर्शिता से किये जा रहे हैं। नगर निगम में जीरो टॉलरेंस की नीति पर सभी काम हो रहे हैं। ठेकेदारों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी गयी है कि अगर विकास कार्यों में शिकायत आयी तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से ही वह मेयर बने। जनता से जो वायदे किये थे उन्हें एक एक करके पूरा किया जा रहा है। नई योजनाएं भी धरातल पर उतारी गयी हैं। नगर निगम के माध्यम से कई बड़े प्रोजेक्ट शहर में संचालित किये जा रहे हैं जिनका लाभ आने वाली पीढ़ियों को भी मिलेगा। इस अवसर पर पार्षद मोहन कुमार, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, मंडल महामंत्री राजेश जग्गा, मदन दिवाकर, राजेंद्र राठौर, जगतपाल रस्तोगी, जीके शर्मा, डीके गंगवार,सुनील मेहरा,छत्रपाल राठौर, रवि रस्तोगी भजनलाल, चौबे सिंह, दीपक दिवाकर, कांति राठौर, नीतू रस्तोगी, शोभा राठौर,अंजलि राठौर, नेत्रपाल राठौर, शुभम राठौर आदि लोग उपस्थित रहे।



# हरेला पर्व के लिए जिला प्रशासन ने बनाई रूपरेखा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पौधे लगाना ही नहीं बल्कि उनका संरक्षण व संवर्धन भी जरूरी है तभी निर्धारित उद्देश्यों का प्राप्त किया जा सकता है। यह बात जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने 17 जुलाई को हरेला पर्व पर जनपद में शुरू होने वाले वृहद पौधरोपण अभियान की तैयारियों की डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में समीक्षा लेते हुए कही। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में 17 जुलाई को हरेला पर्व पूर्ण धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष हरेला पर्व पर 17 जुलाई से 15 अगस्त तक लभगम दो लाख पौधे रोंपे जायेंगे। उन्होंने कहा कि फलदार व चौड़ीपत्ती वाले पौधों का रोपण अधिक से अधिक किया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि स्थान का नाम, लगाए गए पौधों की संख्या, फोटो लगाते समय के फोटोग्राफ, पौधारोपण में शामिल जनप्रतिनिधियों के नाम सहित सम्पूर्ण डिटेल उपलब्ध कराने के निर्देश सभी विभागों के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों के लिए निर्देश दिये कि खाली पड़े परिसर में पौधारोपण हेतु वन तथा उद्यान विभाग से समय से पौध की मांग कर ली जाये। उन्होंने नगर निगम, नगर निकाय, नगर पंचायतों के लिए निर्देश दिये कि शहरी क्षेत्रों में हरियाली पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा 15वें वित्त से जल संरक्षण एवं संवर्धन के अन्तर्गत वृक्षारोपण भी किया जाये। उन्होंने पंचायतीराज विभाग को विभिन्न क्षेत्रों में खाली पड़ी भूमि पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने तथा अभियान में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने वन तथा उद्यान विभाग के अधिकारियों को मांग के अनुसार पौधे वितरित करने के निर्देश दिये। बैठक में डीएफओ हिमांशु बागरी, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, पीडी हिमांशु जोशी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक डीएस राजपूत, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# लाखों की चोरी में महिला नामजद

काशीपुर। महिला ने दबे पांव घर में घुसकर कीमती आभूषण व हजारों की नकदी समेत लाखों का माल पार कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाली महिला के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर अभियुक्ता की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला नई बस्ती कटोरा ताल निवासी इसरार अहमद पुत्र इसहाक अहमद ने बताया कि बीते 27 जून को पोस्टमार्टम हाउस कॉलोनी कटोरा ताल निवासी तैयबा पत्नी नसीम ने उसके घर में घुसकर कीमती सोने चांदी के आभूषणों समेत 45 हजार रुपयों की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने घटना के लगभग पखवाड़ भर बाद आरोपिनी को नामजद करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

# नकदी समेत एक और सटोरिया गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस ने सट्टे की अवैध खाई बाड़ी में लिप्त एक और सटोरिया को दबोच कर सलाखों के पीछे कर दिया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने पोस्टमार्टम हाउस के समीप संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए एक शख्स को दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए शख्स ने अपना नाम मोहल्ला विजय नगर नई बस्ती निवासी शराफत हुसैन पुत्र करामत हुसैन बताया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को सट्टे की पर्ची पैन डायरी व 1050 रुपए नगद बरामद हुए। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार सटोरिया का पुलिस द्वारा गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

# मछली बाजार से बाइक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने विगत रात्रि ट्रांजिट कैम्प में मछली बाजार में खड़ी मोटर साईकिल चोरी कर ली। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में रवि पुत्र जगदीश ने कहा है कि 11 जुलाई को रात वह मछली बाजार ट्रांजिट कैम्प में अपने दोस्त के निवास स्थान पर अपनी मोटर साइकिल संख्या- यूके 06 बीई 9166 से गया था। उसने दोस्त के निवास स्थान के बाहर अपनी मोटरसाइकिल लॉक लगाकर खड़ी दी थी। कुछ देर बाद वह निवास के बाहर आया तो उसकी मोटरसाइकिल वहां पर नहीं थी। जिसे कुछ अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर ली गई है। काफी खोजबीन करने के बाद भी मोटरसाईकिल नहीं मिली। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मूसलाधार बारिश से कई इलाके हुए जलमग्न

रामनगर(उद संवाददाता)। लगातार हुई बारिश ने रामनगर के आसपास स्थित कई ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर तबाही मचाई है तथा कई इलाके इस बारिश के कारण जलमग्न हो गए तो वहीं कई किसानों की धान की फसल भी पूरी तरह चौपट हो गई। लगातार बारिश के चलते पीरुमदारा पुलिस चौकी में भी जलभराव के चलते पुलिस कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नेशनल हाईवे 309 मुख्य सड़क पर भी जलभराव के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पीरु मदारा क्षेत्र में कई दुकानों में बारिश का पानी घुसने के चलते दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ है। इसी क्षेत्र में उदयपुरी बंदोबस्ती इलाके में कई घरों में पानी घुसने के चलते घरों में रखा सामान पूरी तरह बर्बाद हो गया। किसानों द्वारा खेत में लगाई गई धान की फसल भी पूरी तरह चौपट हो गई। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के कारण उन्हें काफी नुकसान हुआ है । कई जानवर भी उनके पानी में डूब गए। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में बने स्टोन क्रशर के कारण बरसात का पानी आबादी की ओर रुख कर रहा है जिसे लेकर कई बार धरना प्रदर्शन करने के साथ ही अधिकारियों को भी अवगत कराया गया लेकिन ग्रामीणों की समस्याओं का आज तक कोई समाध




ान नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने अधि कारियों से बरसात में होने वाली इस प्रकार की परेशानी से निजात दिलाने की मांग की है। इसके अलावा भी कई क्षेत्रों में जलभराव की सूचना मिलने के साथ ही नुकसान की जानकारी मिली है। इस संबंध में एसडीएम गौरव चटवाल ने बताया कि जिन क्षेत्रों में नुकसान की सूचना मिली है वहां का आकलन कराया जा रहा है तथा नियमानुसार मुआवजा देने की कार्रवाई की जाएगी।

# अंकित सक्सेना की पुण्यतिथि पर 62 लोगों ने किया रक्तदान

किच्छा(उद संवाददाता)। भाजपा नेता स्वर्गीय अंकित सक्सेना ने अपने जीवित रहते पार्टी में युवाओं को जोड़ने का प्रायस किया व पार्टी के हाथों को मजबूत किया। उक्त वक्तव्य केंद्रीय मंत्री व सांसद अजय भट्ट ने स्वर्गीय सक्सेना के प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर कहे। इससे पूर्व उन्होंने शिवीर का शुभारंभ विधिवत फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से स्वर्गीय अंकित सक्सेना की भांति पार्टी के लिए कार्य करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने का आवाहन किया उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव के नजदीक आने के साथ-साथ कार्यकर्ता पार्टी की विकासकारी योजनाओं को जनता के बीच लेकर के जाएं जिससे पार्टी एक बार पुन: केंद्र की सत्ता तक पहुंच देश को विकास के पथ पर ले जाने सके। रक्तदान




शिविर मै करीब 62 रक्त दाताओं ने रक्त दान किया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना, अभीषेक सक्सैना, बिपीन जल्होत्रा, विवेक राय, भूपेंद्र राय, भूपेंद्र गंगवार, कुलदीप बग्गा, मूलचंद राठौर, महेंद्र पाल, शैली फुटेला, जानकी तिवारी, मीरा तिवारी, पूरन भट्ट, दिलीप सिंह जीना, एसडीएम कोस्तुभ मिश्रा, प्रभारी कोतवाल धीरेंद्र कुमार थे।

# बेहड़ ने पंतनगर मे किया विकास कार्यों का लोकार्पण

किच्छा(उद संवाददाता)। विध ायक तिलकराज बेहड़ ने पंतनगर में शनिवार को विधायक निधि से निर्मित 10.88 लाख की लागत से बने निर्माण कार्यों का फीता काटकर उद्घाटन किया। इन निर्माण कार्यों के अंतर्गत पंतनगर झा कॉलोनी में मंदिर मोड़ से बाल्मीकि मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते पर सी सी निर्माण कार्य जिसकी लागत 4.54 लाख, पंतनगर झा कॉलोनी में मंदिर का सुंदरीकरण का कार्य जिसकी लागत 1.56 लाख रूपये तथा पंतनगर चकफेरी में सीसी रोड का निर्माण कार्य जो कि 4.78 लाख की लागत से तैयार कराया गया है, का फीता काटकर क्योंकि पंतनगर की आंतरिक सड़कें जोकि यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आती है उसमें विधायक निधि से काम नहीं कराया जा सकता इसीलिए उनका पूर्ण प्रयास है कि वह किसी भी माध्यम से इन सड़को का निर्माण कार्य कराये,पंतनगर में निर्माण कार्य कराये



उद्घाटन किया तथा जनता को समर्पित किया। इससे पूर्व पंतनगर वासियों ने विधायक तिलकराज बेहड़ का फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया , विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि वे पंतनगर में विकास कराए जाने को काफी चिंतित रहते हैं उनका अर्थक प्रयास रहता है कि पंतनगर में अधिक से अधिक विकास कार्य कराए जाएं जाने अति आवशयक हैं क्यूंकि यहाँ की सड़को की हालत काफी खराब हैं वे इस तरफ भी प्रयासरत हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष इंटक जनार्दन सिंह, राजेश प्रताप सिंह, मनोज सिंह,संतोष कुमार, जगदीश,राजेश,राजपाल बाल्मीकि, राज नरेंद्र, आकिब, जुबैर,राजेश पार्षद, रवि कुशवाह, दान सिंह नेयाल,आदि लोग उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री भट्ट का किया स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। भाजपा में ही कार्यकर्ताओं का सम्मान पूरी तरीके से सुरक्षित है। उक्त वक्तव्य क्षेत्रीय सांसद व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने सांसद प्रतिनिधि कुलदीप बग्गा के आवास पर पहुंचने के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधि त करते हुए कहे। इस दौरान उन्होंने केंद्र द्वारा जारी अनेक योजनाओं को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखते हुए प्रचार प्रसार किए जाने का आग्रह किया। उनका कहना था जी विपक्ष जनता को भ्रमित कर सत्ता हासिल करने का प्रयास कर रही है परंतु जनता सब जानती है। उनका कहना था के आगामी लोकसभा में एक बार



फिर से भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आएगी तथा कांग्रेस को अपनी विकास विरोधी नीतियों का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने भट्ट का स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि कुलदीप बग्गा, मूलचंद राठौर, शैली फुटेला, जानकी तिवारी, विवेक राय, महेद्र पाल मौजूद थे।

# कांवड़ियों का किया स्वागत

गूलरभोज(उद संवाददाता)। हरिद्वार से डाक कांवड़ लाए जाने पर गूलरभोज शिव मन्दिर निकट रेलवे फाटक के पास कांवडियों का हर-हर महादेव के उद्घोष ओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ० कुलदीप रघुवंशी अमित कुमार गुप्ता लक्ष्मण गिरी एवं




गुलरभोजवासियो द्वारा हर हर महादेव के जयघोषों के साथ कावड़ियो का माल्यार्पण करके मिठाई एवं फल देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर गोविंद धपोला,पिंटू,अनिल कुमार,बंटी,सोनू हरेंद्र चौधरी वाल्मीकि, सुरेन्द्र कुमार,मिथुन संजू एवं अभिषेक आदि शिवभक्त हरिद्वार से डाक कावर लाये ।

# प्लम्बर पर सामान चोरी करने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पाम ग्रीन कालोनी में निर्माणाधीन मकान से पानी फिटिंग का सामान चोरी होने पर महिला ने प्लम्बर पर सामान चोरी कर ले जाने का संदेह व्यक्त करते हुए रपट दर्ज कराई है। दर्ज रपट में निशा शर्मा पत्नी हरपाल निवासी दानपुर ने कहा है कि घर का निर्माण कार्य पाम ग्रीन कालोनी में चल रहा है। जिसमे बाथरुम फिटिंग का कार्य राजा पासवाना निवासी भूरारानी द्वारा किया जा रहा है। 14 जुलाई को सुबह उसने अपने मकान मे आकर देखा तो हमारे मकान मे फिटिग का कुछ सामान गायब था। उसे शक है कि मकान मे प्लबिंग का काम करने वाले राजा पासवान ने ही चोरी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# डा. श्रीवास्तव की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डॉ० रामसिंह श्रीवास्तव (1931- 15 अप्रैल 2023 ) की स्मृति में उनके पुत्र एवं वरिष्ठ नेत्र सर्जन डा. प्रवीण श्रीवास्तव जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय रुद्रपुर के संकल्प से, एक रक्तदान शिविर का आयोजन मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर में आयोजित किया गया। जिसमें 30 रक्तदानियों द्वारा स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया गया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केदार सिंह शाही, प्रमुख अधीक्षक डॉ. राजेश सिन्हा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरेन्द्र मलिक, डॉ. राजेश आर्या, डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव एवं छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष शुभम तिवारी इत्यादि उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व निदेशक डॉ एलएन उप्रेती द्वारा स्व. रामसिंह श्रीवास्तव जी की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की तथा उपस्थित जनसमूह और



रक्तदाताओं का सम्बोधित करते हुए कहा कि आज लोग स्वैच्छिक रूप से रक्तदान के लिए आगे आ रहे हैं। किन्तु आज से 40 वर्ष पूर्व ऐसा नहीं था। रक्तदान के लिए चलाये गये जन जागरूकता के फलस्वरूप देश में लगभग 3 करोड़ रक्तदान प्रतिवर्ष हो रहे हैं। जिससे अनेक गर्भवती महिलाओं, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों और थैलासीमिया तथा ब्लड कैंसर जैसे रोगियों को बचाया जा रहा है। इसी प्रकार नेत्र, गुर्दा, लीवर, बोन मैरो आदि को दान करने के प्रति भी जागरूकता लाने की आवश्यकता है। प्राचार्य डॉ. शाही ने कहा कि नेत्रदान के लिए नेत्रदान प्रकोष्ठ बनाये जाने की प्रक्रिया मेडिकल कॉलेज में चलाई जायेगी जिससे नेत्रदान करना और जरूरतमन्द को कॉर्निया ट्रान्सप्लान्ट करना भी सम्भव हो पायेगा। इस अवसर पर डॉ. अजय बीर सिंह, अरूण मण्डल, श्रीमती ललिता बिष्ट, मुकेश चन्द्र जोशी, श्रीमती जया श्रीवास्तव, शुभम तिवारी सहित 30 लोगों ने रक्तदान किया गया। ब्लड बैंक की ओर से जवाहर चौधरी, जितेन्द्र बृजवाल, अनिल कुमार एवं डॉ. रामबिहारी वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# विवाहिता की मौत के मामले में ससुरालियों पर केस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत 29 जून को मोहल्ला रेशमबाड़ी में एक महिला द्वारा फांसी लगाकर की गई आत्महत्या के मामले में उसके भाई ने मृतका बहन के ससुरालियों पर मौत का जिम्मेवार बताते हुए रपट दर्जे कराई है। दर्ज रपट में विजय पाल पुत्र स्व. रतन लाल निवासी ट्रांजिट कैम्प शिव नगर वार्ड 7 ने कहा है कि 12 वर्ष पूर्व उसने अपनी बहन आरती की शादी रेशमवाड़ी वार्ड न-12 रुद्रपुर में अजयपाल शर्मा से की थी। तब से ही उसका पति व ससुराल वाले उसके साथ मारपीट कर बहुत अत्याचार करते थे। बहन की सास फूला देवी, ससुर तिलक राम,नन्द ममता, नन्दोई महेश, देवर ओमवीर बहन के पति को उकसाकरे बेल्टों व डंडे से पिटवाते थे व आधी रात में बहन को बुरी तरह मारपीट कर घर से धक्का देकर बहार निकाल दिया करते थे। आरोप है कुछ समय पहले अजय पाल ने एक प्लाट किश्तों पर लिया था जिसकी भरपाई करने के लिए वो आरती से बार बार पैसे मायके से पैसे लाने का दवाब बनाते थे। पैसे नहीं लाकर देने पर वो लोग उसकी बहन के साथ बहुत बुरा व्यवहार करते थे। ससुराल वालो व पति के अत्याचार से तंग आकर बहन आरती ने 29-06- 2023 को फासी लगाकर अपनी जान दे दी। 30-06-2023 को पुलिस मोके पर पहुंची तो बहन के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला एवं मृतका के दोनों हाथो पर लिखा पाया गया की देव मुझे माफ कर देना। जबकि उसकी बहन कम पढ़ी लिखी थी। और दोनों हाथो से नहीं लिख सकती थी। विजयपाल का कहना है उसे संदेह है कि जो सुसाइड नोट पाया गया है वो झूठा है और जो हाथो पर लिखा पाया है वो उसके ससुराल वालो की सोची समझी साजिश के तहत लिखा है।

# चोरों ने कमरे सें उड़ाये चार मोबाईल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने विगत रात्रि आजाद नगर टांजिट कैम्प में एक घर से चार मोबाईल चोरी कर लिए। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सर्वेश पुत्र हरिराम निवासी आजाद नगर ने कहा है कि उसके घर पर उसका भतीजा उमेश, दोस्त लक्ष्मी नारायण, तहेरा भाई हरदेश साथ में रहते है। 13 जुलाई की रात्रि दोस्त व तहेरा भाई ड्यूटी गये हुये थे और घर पर वह व भतीजा थे। रात्रि में अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर से उसका, भतीजे का, उमेश का व दोस्त लक्ष्मी नारायण के मोबाईल चोरी कर लिए।

## पेज एक का शेष...

**तालाब में डूबा युवक...**ने साथी युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के मुताबिक विवेक को तैरना आता था उसकी डूबने से मौत नहीं हो सकती। मृतक के भाई का आरोप है कि रंजिश के चलते कुछ युवकों ने भाई की हत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**चेयरमैन के ...** अतिशीघ्र न्यायिक अधिकारी के तत्वाधान मौजूदगी में बुलाये जाने के आदेश पारित करने की कृपा करें। डीएम ने शिष्ट मंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस संदर्भ में नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। मिलने वालों में सभासद परमजीत सिंह, अमरजीत सिंह, मनोज गुंबर, जुनेद अंसारी, कपिश मिड्ढा, बिल्लन चौधरी, रवि श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

**धारदार हथियारों से ...**जुट गई है। घायल युवक कासिम की पत्नी रियासत बेगम की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया है कि उसके पति ने सड़क टूटी होने के कारण खनन का काम कर इशाक को कुछ दिनों तक रेता बजरी लेकर जाने को मना किया तो वह अपने परिवार के सदस्यों सहित लगभग आधा दर्जन लोगो को लेकर जिनके हाथों में रॉड,लाठी डंडे थे, पति पर हमला कर दिया जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है।

**कार में युवक ...**मौत के कारणों की जांच कर रही है। कोतवाल हरेंद्र चौध री ने बताया कि पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है और जल्दी पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा कि युवक की मौत कैसे हुई है।

**युवक ने गटका...**से आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसे लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रुद्रपुर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया चिकित्सकों अनुसार युवक की हालत गम्भीर बताई जा रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
RERA
APPROVED
PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीव्रेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000